डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक

पटना, 24 मार्च, शुक्रवार, 2023





**डॉ0 संजय कुमार**

संपादक, कांग्रेस दर्पण

सह काँग्रेस कार्यकर्ता।

संपर्क -8252667278






**जय हिंद साथियों**


आशा है आप तमाम लोग अच्छे और स्वस्थ होंगे

बहुत ही जल्द बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना में कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सहयोगी शिविर लगने जा रहा है जो भी साथी इच्छुक हैं कृपया कार्यालय प्रभारी श्री बिपिन झा (9931986181)से संपर्क कर उन्हें अपना नाम पता मोबाइल नंबर दर्ज करवाएं . प्रशिक्षण की तिथि जल्दी घोषणा होगी

**धन्यवाद**

**अफरोज खान, राज्य प्रभारी**

**बिहार कांग्रेस सेवा दल**




कांग्रेस अध्यक्ष श्री Mallikarjun Kharge ने 'Son of the Soil' बुक की लॉन्चिंग के मौके पर सादगी की प्रतिमूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। पूज्य शास्त्री जी ने भूमि सुधार, दुग्ध क्रांति, हरित क्रांति की नीव रखी.. रेलवे में थर्ड क्लास को खत्म कर महिलाओं के लिए बस में सीट का प्रावधान दिया।

# मोदी सरकार के गलत व्यापार नीति और जनविरोधी कदमों के खिलाफ कांग्रेस का विरोध एवं प्रदर्शन



**पटना। कांग्रेस दर्पण**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के देशविरोधी फैसलों के खिलाफ एवं अडानी के पक्ष में भाजपा सरकार की क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति के विरोध में इनकम टैक्स गोलंबर पर कांग्रेस नेताओं के द्वारा जोड़दार विरोध प्रदर्शन एवं आयकर विभाग के मुख्य द्वार के सामने नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान बिहार कांग्रेस के नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों, महंगाई, भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी सहित अडानी सहित कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों के पक्ष में काम करने की उनकी व्यापार नीतियों के खिलाफ गगनभेदी नारे लगाएं।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान मीडिया के सवालों का जवाब देते कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजीत शर्मा और विधान परिषद में दल के नेता पूर्व अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के तमाम बैंकों में जमा आम भारतीयों के रुपये को रोजाना प्रधानमंत्री अपने मित्र व्यापारियों को देकर देश को घाटा लगा रहे हैं। इस देश को कांग्रेस के नेताओं ने खून पसीने से सींच कर आर्थिक और लोकतांत्रिक मजबूती प्रदान की थी जिसे विगत आठ वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने तमाम ढांचों को नेस्तनाबूद कर दिया। साथ ही नेता द्वय ने कहा कि देश की व्यापार नीतियों को खस्ताहाल बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केवल अपने वफादार मित्र अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने को हमारे नेता राहुल गांधी को कभी पुलिस तो कभी केंद्रीय जांच एजेंसियों के माध्यम से परेशान किया जा रहा है। आज के गुजरात के सेशन कोर्ट के फैसले पर बोलते हुए नेता द्वय ने कहा कि राहुल गांधी ने निडर होकर राष्ट्रहित में जो सक्रियता दिखाई है उससे बौखलाई भाजपा ने उन्हें मुकदमों में फंसाने की साजिश रची है और कोर्ट के फैसले के खिलाफ हमारे नेता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटायेंगे और सत्य को परेशान करने की



साजिश के खिलाफ वें अहिंसा के रास्ते न्याय के लिए जनहित में संघर्ष करते रहेंगे। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस विधायक दल के नेता अजित शर्मा, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा0 मदन मोहन झा, विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, डॉ. समीर कुमार सिंह, विधायक मुन्ना तिवारी,प्रतिमा कुमारी दास, संतोष मिश्रा, अजय कुमार सिंह, विश्वनाथ राम, इजहारूल हुसैन,छत्रपति यादव, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, पूर्व विधायक बंटी चैधरी निर्मल वर्मा, अमित कुमार टुन्ना,भावना झा, अमिता भूषण, कपिलदेव प्रसाद यादव, आनन्द माधव, आलोक हर्ष, असित नाथ तिवारी, ज्ञान रंजन, नागेन्द्र कुमार विकल, शरवत जहां फातिमा, प्रो0 रामायण यादव, गरीब दास, ललन यादव, चुन्नू सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, प्रभात द्विवेदी सौरभ कुमार सिन्हा, अमरेन्द्र सिंह, संजीवकर्मवीर, राजेश सिन्हा सन्नी,नीतू सिंह निषाद, अखिलेश्वर सिंह, सुधा मिश्रा, गुंजन पटेल, शशि रंजन, डा0 आशुतोष शर्मा, कुमार आशीष, केसर कुमार सिंह, शंकर स्वरूप, रीता सिंह, मधुरेन्द्र सिंह, अशोक गगन, मृणाल अनामय, विमलेश तिवारी, गुरूदयाल सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह, वसी अख्तर, अमित कुमार, धमेन्द्रधारी सिंह, सुनील कुमार सिंह, कुन्दन गुप्ता, मो0 शाहनवाज, प्रदुम्न यादव, मृगेन्द्र कुमार सिंह, दुर्गा प्रसाद, दौलत इमाम, रवि गोल्डन, निधि पाण्डेय, रूमा सिंह, आशुतोष कुमार त्रिपाठी, अमरदीप कुमार, खुशबू कुमारी, ईशा यादव,पूनम यादव,,सूरज सिन्हा,विश्वनाथ बैठा,रमाशंकर, अमित कुमार, मुकुल यादव शामिल थे।

**राजेश राठौड़, चेयरमैन, मीडिया विभाग**

# बेगूसराय के प्रमुख कांग्रेस जनों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन

पटना। कांग्रेस दर्पण

बेगूसराय के प्रमुख कांग्रेस जनों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन बेगूसराय समाहरणालय स्थित कैंटीन चौक पर किया गया।

केंद्र सरकार के द्वारा सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग संसद भवन में कांग्रेसी नेताओं एवं विपक्षी नेताओं को बोलने पर पाबंदी देश के स्वतंत्र एजेंसियों पर अंकुश, भारत देश में अंग्रेज शासन काल का याद दिलाता है। राहुल गांधी जी के ऊपर झूठा मुकदमा करने एवं काँग्रेस के नेताओं को प्रताड़ति करने, देश में फैले भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महँगाई को लेकर के यह पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुतला दहन के दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी, केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए, कैंटीन चौक तक पहुंचे।



कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट, सम्मानित नेता, अभय कुमार सिंह सारजन ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई और रोजगार पर पूर्णरूपेण विफल है। जिसका कारण है कि अभी की जो भारत सरकार है वह मोदी जी के नेतृत्व में देश के लोगों को हर हमेशा गंभीर मुद्दों से भटकाने का काम करता है। और विरोधी दल के नेताओं को प्रताड़ित करने का काम करती है। देश आज भयंकर महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है। पुतला दहन कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस कमिटी, नगर निगम बेगूसराय के अध्यक्ष, पूर्व पार्षद ब्रजेश कुमार प्रिंस ने किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे। इस पुतला दहन कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस के डेलीगेट रामविलास सिंह, मिथिलेश झा,, कांग्रेसी नेता मुरलीधर मुरारी, सुबोध कुमार, बलिया प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार, मटिहानी प्रखंड अध्यक्ष रामानुज कुँवर, कांग्रेसी नेता डॉ रजनीश कुमार, सुबोध सिंह, राजीव रंजन, मो.मतीन, आलोक कुमार अधिवक्ता, रणजीत कुमार मुखिया(पूर्व जिला सचिव) विक्रम कुमार, सुनील कुमार सिंह, रतन कुमार, मिथिलेश मिश्रा, कुशमेश कुमार, अभिषेक कुमार, स्वप्निल सोनू, रिशु कुमार, ललन कुमार, मनीष कुमार, अमोद कुमार, रामपुकार राय सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन केंद्र सरकार के विरोध में नारा लगाते हुए देश के प्रधानमंत्री को निरंकुश प्रधानमंत्री बताते हुए समाहरणालय तक पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। और जमकर नारेबाजी की।

# हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन




पटना। कांग्रेस दर्पण

आज बेगूसराय जिला के चेरिया बरियारपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदय प्रसाद सिंह जी के अध्यक्षता में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन विक्रमपुर एवं अन्य पंचायतों में किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह, चेरियाबरियारपुर प्रखंड प्रभारी कुमार रत्नेश टुल्लू, कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश गुप्ता, जिला अध्यक्ष आनंद प्रेम, जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव श्री साबर कुमार जी थे।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक विशाल भारत जोड़ो यात्रा का सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी के संदेशों को घर घर पहुंचा गया। पंचायत स्तर पर पर स्थानीय कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों से मिलें और वर्तमान केंद्र सरकार की नाकामी और देश को जोड़ने के लिए राहुल गांधी जी द्वारा किए जा रहे हर प्रयास और संदेश पत्र के माध्यम से लोगों तक पहुंचा। इस दौरान कहा कि आज देश में नफरत का माहौल बना कर सामाजिक लोगों का ध्यान आर्थिक लूट बेरोजगारी महंगाई आदि से भटकाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।जो व्यक्ति केंद्र सरकार की अन्याय पूर्ण नीतियों के खिलाफ आवाज उठाता है उसे सरकारी एजेंसियों की प्रताड़ना का शिकार बनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजय चौधरी, राधेश्याम सिंह, श्याम चौधरी, परशुराम सिंह, पंकज कुमार शिशु, स्रू सदस्य सतीश कुमार वीरू, मदन मोहन सिंह, शंभू सिंह, जगदीश पाठक, अरूण रावत, सुधीर बबली, बीपीन सिंह, गोविंद महतो, जयप्रकाश मेहता, रमेश कुमार सिंह, भोला सिंह, धनश्याम राय, मुकेश कुमार, दिलीप कुमार, सचिन शर्मा, मंटुन कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद रहे।



कांग्रेस सूप्रीमो राहुल गांधी पर केन्द्र की संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर की जा रही कार्रवाई के विरोध में आज 23 मार्च को प्रातः 10:00 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पीसीसी दफ्तर में प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, राज्य सरकार के मंत्रियों, बोर्ड निगम चैयरमैन, विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशियों की अचानक एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। बैठक में मुख्यमंत्री राजस्थान से अशोक गहलोत सहित कांग्रेस विधायको के भाग लेने की संभावना है।बैठक में केंद्र सरकार द्वारा की जा रही अलोकतांत्रिक कार्रवाई के विरुद्ध रणनीति तैयार की जाएगी। इस बाबत अध्यक्ष डोटासरा ने जारी किए निर्देश सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता प्रातः 10:00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन जयपुर पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की हिदायत दी है ।??भूपेन्द्र औझा

**विनम्र विनती**

24 मार्च 2023 ग्राम पंचायत झालों की मंदार एवं गांवगुडा में हाथ से हाथ जोड़ो रैली का आयोजन किया जा रहा है। दोनो ग्राम पंचायतो के सभी राजस्व गावों से रैली निकलेगी। यात्रा में नाथद्वारा ब्लॉक अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच साहब, प्रधान साहब एवं सभी स्था ?नीय पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एव कार्यकर्ता शामिल होंगे ।

सुबह 08:00 बजे– पेट्रोल पंप झालों की मंदार ( यात्रा प्रारंभ )

दोपहर 05:00 बजे – फेक ?ट्री चौराहा ( यात्रा समापन )

संदेश

रेली समाप्ति बाद फैक्ट्री चौराहा झालो की मदार पर गांव के विकास कायो पर चर्चा हेतु जनसभा होगी जिसमे आप सभी कार्यकर्ता एवं आमजन सादरआमंत्रित है बढ़ चढ़ कर कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाए धन्यवाद ।

डॉ. सी. पी. जोशी
विधायक नाथद्वारा
संपर्क सूत्र

# राज्यमंत्री का स्वागत अभिनंदन



विधानसभा में राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक 2023 पारित होने पर आज राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत के निवास स्थान पर आज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का अभार व्यक्त कर राज्यमंत्री का माला पहना कर मुंह मीठा करा कर स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया. उल्लेखनीय है की इस विधेयक की मांग अधिवक्ता समुदाय लंबे समय से कर रहा था. सदन से यह विधेयक पारित होते ही अधिवक्ता समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई स्वागत अभिनंदन में बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी पर हमला क्यों ?

क्योंकि वे आवाज उठा रहे हैं–

प्रधानमंत्री के मित्रों का 14.5 लाख करोड़ की कर्जमाफी के खिलाफ

डिफॉल्टर्स द्वारा 88000 करोड़ की बैंक लूट के खिलाफ

अडानी पर एसबीआई, एलआईसी व बैंकों के 80000 करोड़ लुटाने के खिलाफ

उनकी 38 फर्जी कंपनियों की लूट के खिलाफ

भगोड़े नीरव मोदी के 14000 करोड़ की लूट के खिलाफ

ढट के 'मेहुल भाई' के 13500 करोड़ के घोटाले के खिलाफ

भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी बैंकलूट के खिलाफ


जनता पर ऐतिहासिक बेरोजगारी–महंगाई थोपने के खिलाफ

राहुल जी भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं इसलिए सारे भ्रष्टाचारी नाराज हैं।

– अनम सुलतान खान
प्रदेश प्रतिनिधि – बिहार कांग्रेस








# देश में अघोषित आपातकाल, बोलने, व्यक्तिगत अभिव्यक्ति, भाषण पर भी रोक: कांग्रेस

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

* *

केंद्र की मोदी सरकार संपूर्ण देशभर में अघोषित आपातकाल की स्थिति बनाए हुए है, बोलने, भाषण देने, पोस्टर लगाने, जैसे चीजों पर नेता, कार्यकर्ता, एवम् आमजन की गिरफ्तारी इस बात का पुख्ता प्रमाण है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र सिंह, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युमन दुबे, बलिराम शर्मा, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, मो समद, असरफ इमाम, आदि ने कहा की कल दिल्ली में ₹ मोदी हटाओ, देश बचाओ जैसे नारो के संबंध में जगह, जगह पोस्टर साटने पर सैकड़ो लोगो की गिरफ्तार करने, देश के जनमानस के सच्चे प्रहरी मोदी सरकार के गलत नीतियों, विफलताओं के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता




राहुल गांधी जी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिए गए भाषण के संबंध में पूछने दिल्ली पुलिस के उनके आवास पर पहुंचने, देशभर में छह हजार से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता, निर्भीक निष्पक्ष पत्रकारों समेत कई पार्टी के नेता, कार्यकर्ता पर बेवजह देशद्रोह का मुकदमा कर प्रताड़ित करने, देश के कानून मंत्री द्वारा सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट के न्यायधीशों तक को देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने का दोषारोपण करने सहित कई चीजे आम बनी हुई है। नेताओ ने कहा की देश के अन्नदाता किसान जब किसान विरोधी काले कानून के खिलाफ धरना, प्रदर्शन, रैली कर रहे थे तो उन्हें भी आतंकवादी, नक्सलवादी तक कहा गया, अब तो संसद में भी विरोधी पक्ष के सांसदों द्वारा जब राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमा सुरक्षा, आदि बाते पूछने पर उन्हें जवाब देने के बजाय देशद्रोही कहा जाता है। नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी जब देश को आजाद कराने में ब्रिटिश हुकूमत की दातें खट्टे कर, लाखो लोग अपने प्राणों को आहुति देने के बाद भी नहीं डरे तो क्या आज मोदी सरकार की गीदड़ भभकी से डरने वाले नहीं है, बल्कि डट कर गलत नीतियों, विफलताओं का विरोध करेंगे। नेताओ ने कहा की यू पी ए सरकार के कार्यकाल में हजारों ऐसे उदाहरण मिलेंगे जिसमे न जाने प्रधानमंत्री मनमोहन जैसे व्यक्ति के बारे में भाजपा, आर एस एस के लोग क्या, क्या नही बोले थे, कई बार कांग्रेस हटाओ, देश बचाओ के नारे लगाए गए थे, परंतु उस समय कभी एसी बाते नही की गई थी।

भवदीय
विजय कुमार मिठू

# धनबाद जिला में विकास में तेजी आएगी



**पटना। कांग्रेस दर्पण**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने धनबाद जिला 20–सूत्री कार्यालय में वार्तालाप के क्रम में कहा कि राहुल गांधी अन्याय और तानाशाह के खिलाफ आवाज उठाने का काम कर रहे हैं तो उन्हें सीबीआई,ईडी,इन्कम टैक्स यहाँ तक की एफआईआर करके मोदी सरकार सरकार ऑल को डराने का काम कर रही है।

आगे श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी सत्य एवं अहिंसा के सिपाही है सरकार और सरकारी तंत्र के दबाव और और असत्य के सामने राहुल गांधी जी कांग्रेस पार्टी झुकने वाली नहीं है देश की जनता देख रही है कि किस तरह से सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है और जो सत्य बोलने में साहस करता है और सरकार के खिलाफ बोलने की कोशिश करता है उन पर सीबीआई,ईडी ,इन्कम टैक्स लगाया जा रहा है, इसे हम लोग डरने वाले नहीं हैं प्रेम भाईचारा और सद्भावना का संदेश के साथ–साथ तानाशाह को समाप्त करने के लिए कांग्रेस पार्टी आगे भी संघर्ष करते रहेगी, आगे उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को निचली अदालत से सजा दी गई है लेकिन मुकदमे के आधार पर मै पूर्ण आश्वस्त हूं कि ऊपरी अदालत में माननीय राहुल गांधी जी बरी होंगे। ाार तिवारी, डीएन यादव,रमेश राय, शशिशेखर सिंह,मुजाहिद शेख सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर धनबाद जिला के कई गणमान्य लोगों ने श्री सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में धनबाद जिला में विकास में तेजी आएगी

**ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह**
**उपाध्यक्ष**
**झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी।**

# प्रधानमंत्री जी का पूतला दहन किया गया



**पटना। कांग्रेस दर्पण**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डाक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी सांसद राज्य सभा के निर्देशानुसार गया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी गण, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण एवं दर्जनों कार्यकर्ता के साथ देश के निरंकुश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का चौंक टावर पर अडानी समुह के जांच हेतु जेपीसी गठन केलिए दिन के 2=15बजे प्रधानमंत्री जी का पूतला दहन किया गया।

जैसा कि आप सभी को पता है कि केंद्र सरकार के अड़यिल रवैया के कारण

संसद नहीं चल रहा है। कांग्रेस पार्टी एवं सभी बिपक्ष दल अडानी समुह के द्वारा घपला की जांच हेतु जेपीसी का गठन कर जांच की मांग कर रहे हैं और इसके प्रति रोध में दिकभ्रमित करने के लिए श्री राहुल गांधी जी के बकतवय का बहाना बनाकर सरकार संसद ठप किए गए हैं।यह भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा होता दिख रहा है कि केंद्र सरकार खुद संसद ठप कर रही है। जबकि श्री राहुल गांधी जी संसद में अपनी बात रखने के लिए लिखित पत्र सभापति महोदय को दिए हैं लेकिन बात रखने का समय नहीं दिया जाता है।

अतः आज जिला कांग्रेस कमेटी गया के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी के नेतृत्व में जेपीसी के गठन की मांग हेतु एवं श्री राहुल गांधी जी को गुजरात के सूरत में बुलाकर तंग तबाही किया जाता है उसके प्रतिरोध में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का पुतला दहन किया गया। श्री राहुल गांधी जी को भाजपा एवं प्रधानमंत्री जी के इशारे पर तंग तवाह किया जाता है।

ईस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी के साथ बिजय कुमार मिठू, प्रदीप शर्मा, बावुलाल प्रसाद सिंह, धर्मेंद्र निराला, डाक्टर गगन मिश्रा, युगल किशोर सिंह, कमलेश चंद्र वंशी, लब्बी सिंह, बवलू शर्मा मोहम्मद खैरूदीन, दामोदर गोस्वामी, शिवकुमार चौरसिया, रणजीत सिंह, रामप्रमोद , सिंह, अर्जुन गुप्ता, बड़ा बावु, मोहम्मद अजहरुद्दीन, नबाव अली खान, मोहम्मद खालिद, विशाल कुमार, आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# हरिनारायण द्विवेदी के नेतृत्व मे एक विरोध मार्च निकाला गया

पटना । कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अडाणी के महाघोटाला के खिलाफ जहानाबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष हरिनारायण द्विवेदी के नेतृत्व मे एक विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए अरवल मोड पहुँची जहां प्रधान मन्त्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया ।मार्च में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा की आज देश मे लोकतन्त्र खतरे में है।विपक्ष की आवाज को दबाई जा रही है ।अडाणी के खिलाफ आवाज उठाने वाले हमारे माननीय नेता राहुल गाँधी को तंग किया जा रहा है ।केन्द्र सरकार एवं भाजपा के द्वारा उनकी छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है ।कांग्रेस पार्टी लगातार संसद में यह मांग करती आ रही है की स्टेट बैंक आफ इडिया, भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा 50000 करोड रूपया अडाणी को दिया गया , साथ ही राहुल गाँधी जी ने संसद में अपने संबोधन मे सरकार से सवाल पुछा था की प्रधान मन्त्री और अडाणी में क्या रिश्ता है ।अडाणी को ही आस्ट्रेलिया, श्री लंका, बांगलादेश सहित कयी देशों में उधोग लगाने एवं भारतीय रक्षा विभाग मे उन्हे कैसे काम दिया गया ।इन्ही सब मांगो




की जांच के लिए जे पी सी की माँग की जा रही है, लेकिन सरकार जे पी सी की जांच से भाग रही है ।देश की जनता यह जानना चाहती है की मोदी जी इससे क्यो डर रहे हैं और देश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष पर अपने एजेंसियों के माध्यम से उन्हे परेशान किया जा रहा है, लेकिन हम कांग्रेस पार्टी अडाणी के मुद्दे पर जब तक जे पी सी गठन नही होगी, जब तक निष्पक्ष जांच नही होगी और जब तक अडाणी को गिरफ्तार नही किया जाता है तब तक हम संसद से लेकर सडक तक आन्दोलन करते रहेंगे ।मार्च में शामिल जिला कांग्रेस कमिटी के उपाधयछ सह प्रवक्ता प्रो भूषण कुमार सिंह, गौरीशंकर यादव, कन्हैया जी, रामजी प्रसाद, नवीन शर्मा, उपेन्द्र कुशवाहा, चन्द्रीका प्रसाद मंडल, प्रो संजीव कुमार, बसीमूलहक रुसतम, ब्रजभूषण शर्मा, आबिद मजीद ईराकी, मनोज कुमार, सुरेन्द्र कुमार सिंह, आश मोहम्मद अंसारी, रामप्रवेश ठाकुर, विकाश कुमार, अभिनव कुमार सुमन, अम्बिका यादव, मो शाहजहां, परशुराम बिन, चन्द्रेश भास्कर, भोला प्रसाद शाह सहित कयी लोग शामिल थें । हरिनारायण द्विवेदी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी जहानाबाद ।

## राहुल गांधी जी सच के साथ सत्य परेशान हो सकता है पराजित नही

इंजीनियर मोहिउद्दीन खान

सत्य को कभी भी शपथ लेने की आवश्यकता नही होती है। सत्य से न केवल भगवान को पाया जा सकता है बल्कि कठिनतम स्थिति में भी सच्चाई के मार्ग का अनुशरण किए जाने से जीवन में आया संकट समाप्त हो जाता है ।सबको पता है राहुल गांधी जी जन विरोधी सरकार के खिलाफ आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। गलत को गलत कहने का साहस दिखा रहे हैं। इस साहस से प्रधानमंत्री जी घबरा गए है कभी ईडी, कभी पुलिस, कभी केस, कभी सजा से डराने में जुटा है। राहुल गांधी जी इस मामले में डरी हुई सत्ता की पूरी मशीनरी साम, दाम, दंड, भेद लगाकर राहुल गांधी जी की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। पर राहुल गांधी जी ना कभी डरे थे , न कभी डरेंगे। सच बोलते हुए जिये हैं, सच बोलते रहेंगे। देश के लोगों की आवाज उठाते रहेंगे। सच्चाई की ताकत व करोड़ों देशवासियों का प्यार उनके साथ है। न्यायसंगत अपील दायर करेंगे। हम लड़ेंगे और जीतेंगे।




# कांधला व शामली ब्लॉक में चला कांग्रेस का हाथ से हाथ जोडो कार्यक्रमः दीपक सैनी

पटना । कांग्रेस दर्पण

शामली जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लाकों में में चलाया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान ।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ब्रजलाल खाबरी जी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पुर्व सांसद एवं नसीमुद्दीन सिद्दीकी जी प्रान्तीय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व पूरे प्रदेश में हाथ से हाथ जोडो कार्यक्रम चलाया जा रहा है।गुरुवार को शामली जनपद के कांधला नगर अध्यक्ष जाहिद यामिन ने व शामली कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोडो कार्यक्रम चलाकर पार्टी की नीतियों से आम जन को अवगत कराया गया।कांधला ब्लॉक में जाहिद यामीन और शामली ब्लॉक में गय्यूर अली के द्वारा हाथ से हाथ जोडो अभियान चलाकर पार्टी से जुडने का आह्वान किया।कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी ने कहा कि लोग भाजपा के कुशासन से दुखी हैं। देश की गरीब जनता कांग्रेस का शासन चाहती है।जनपद में कांग्रेस का कुनबा दिन प्रतिदिन बढता जा रहा है।नये लोगों के जुडने से पार्टी को नई दिशा मिलेगी। कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा ने कहा कि देश में किसी को उसके सरनेम से पुकारना गुनाह हो गया है। भाजपा सरकार के द्वारा सारी



सरकारी मशीनरी को हाईजैक कर लिया है।कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के ऊपर फर्जी तरीके से मुकदमे दर्ज कराए गए हैं।चौर को चौर कहना कौन सा अपराध है। जाहिद नगर अध्यक्ष कांधला गयुर अली शामली ब्लाक अध्यक्ष, प्रवेश मलिक जिला उपाध्यक्ष , राजीव मलिक, संजीव मलिक, अरविंद शर्मा, अमित शर्मा, भुरा, सुनील कश्यप, आदि मौजूद रहे।

## आज दिनांक 23 मार्च 2023 को बेमौसम बारिश होने से किसानों की फसलों का नुकसान होने पर नुकसान की भरपाई के लिए, मुआवजे की मांग को लेकर राजातालाब तहसील पर अपर जिलाधिकारी महोदय को पत्रक सौंपते हुए।

राजेश्वर सिंह पटेल (राजेश भाई)

अध्यक्ष

जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी



# नरेंद्र मोदी यांच्या नेतृवातील भाजपा सरकारच्या हुकूमशाही धोरना विरोधात गडचिरोली जिल्हा काँग्रेसचे निषेध आंदोलन



गडचिरोली : केंद्रातील हुकूमशाह बनलेले नरेंद्र मोदी यांच्या नेतृवातील भाजप सरकार सत्तेचा दुरुपयोग करून सरकार विरोधी बोलणाऱ्याना, शेतकरी आणि सर्वसामानन्याचा आवाज उचलणाऱ्या नागरिकांचे व विरोधकांचा आवाज दाबण्याचा प्रयत्न करत आहे.

लोकशाही चे मंदिर असणाऱ्या संसदेतही विरोधकांना बोलू दिल्या जात नाही, खोटे आरोप लावून विरोधकांना सतत बदनाम करण्याचा प्रयत्न भाजप सरकार करत आहे, हुकुमशाही वृत्तीच्या भ्रष्ट मोदी सरकारचा खरा चेहरा जनतेसमोर आणल्याने मोदी सरकार व भाजपा ने काँग्रेस नेते खासदार राहुलजी गांधी यांचा आवाज दाबण्याचा प्रयत्न करत आहे. भाजपने राहुलजींविरोधात अनेक ठिकाणी खटले दाखल करून त्यांना अडकवण्याचे षडयंत्र रचले आहे. अशाच एका प्रकरणात गुजरात मध्ये राहुलजींना दोन वर्षाची शिक्षा सुनावली आहे.

याचा निषेध म्हणून गडचिरोली जिल्हा काँग्रेस कमिटीच्या वतीने गडचिरोली शहरातील इंदिरा गांधी चौकात जिल्हाध्यक्ष महेंद्र ब्राम्हणवाडे यांच्या नेतृवात आंदोलन करण्यात आले.

यावेळी जिल्हाध्यक्ष महेंद्र ब्राम्हणवाडे, महाराष्ट्र प्रदेश काँग्रेस महासचिव तथा जिल्हा प्रभारी डॉ. नामदेव किरसान, प्रदेश सचिव डॉ. नितीन कोडवते, महिला काँग्रेस प्रदेश सचिव डॉ. चंदाताई कोडवते, शहराध्यक्ष सतीश विधाते, प्रदेश सचिव भावनाताई वानखेडे, महिला काँग्रेस जिल्हाध्यक्ष ऍड. कविता मोहरकर, ओबीसी सेल अध्यक्ष भूपेश कोलते, अनु. जाती सेल अध्यक्ष रजनीकांत मोटघरे, किसान सेल अध्यक्ष वामनराव सावसाकडे, गडचिरोली ता. अध्यक्ष वसंत राऊत, आरमोरी ता. अध्यक्ष मिलिंद खोब्रागडे, वडसा ता. अध्यक्ष राजेंद्र बुल्ले, ओबीसी सेल कार्याध्यक्ष दिवाकर निसार, माजी जि. प. सदस्य कुसुमताई आलाम, माजी नगरसेवक रमेश चौधरी, सुरेश भांडेकर, पांडुरंग घोटेकर, देवेंद्र ब्राम्हणवाडे, राकेश रत्नावार, केसरी पा. उसेंडी, राजाराम ठाकरे, हेमंत मोहितकर, संजय चने, ढिवरू मेश्राम, भैयाजी मुद्दमवार, सुभाष धाईत, रमेश धकाते, भारत येरमे, श्रीमानंद देहारकर, मजीद सय्यद, भूषण नागोसे, अपर्णा खेवले, विद्या कांबळे, प्रफुल आंबोरकर, आय. बी. शेख, अविनाश श्रीरामवार, विशवनाथ राजनहिरे, दत्तात्रय खरवडे, दीपक रामने, अब्दुलभाई पंजवाणी, जितेंद्र मुणघाटे, सुधीर बांबोळे, अरुण पुण्यपरेड्डीवार, चारुदत्त पोहने, सुखदेव वासनिक, मधुकर लोणारे, पराग भोयर, मधुकर मेश्राम, मारोती सदूरवार, जावेद खान, कल्पना नंदेश्वर, वर्षा गुलदेवकर, कविता उसेंडी, मालता कुडो, शरद भजभूजे, पौर्णिमा भडके, आशा मेश्राम सह काँग्रेस नेते, पदाधिकारी आणि कार्यकर्ते मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.

## अति आवश्यक सूचना

दिनांक 24/03/2023 को तीन (3) बजे दिन में हमारे नेता राहुल गाँधी जी पर झूठा मुकदमा कर सजा सुनाने के खिलाफ एवं जान बूझकर अडानी को बचाने के लिए संसद में राहुल जी का मुद्दा उठाकर जनता को गुमराह करने के खिलाफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया जाएगा जो राजेन्द्र आश्रम से 2:30 बजे निकलकर अस्पताल चौराहा तक जाएगी एवं वहीं पर पुतला दहन किया जाएगा।

अतः आप सभी जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारिगण सभी प्रखंड अध्यक्षगण मोर्चा संगठन के पदाधिकारिगण सभी प्रदेश प्रतिनिधिगण सभी पूर्व प्रत्याशी गण एवं सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से आग्रह है की कल 2:30 बजे दिन तक राजेन्द्र आश्रम बिहारशरीफ पहुँचकर मजबूती के साथ पुतला दहन कार्यक्रम को सफल बनायें ॥

आपका भाई
दिलीप कुमार
अध्यक्ष जिला कांग्रेस नालंदा

---

**शिवाजी नगर प्रखंड अंतर्गत परसा पंचायत के नीतीश कुमार ने थामा कांग्रेस का दामन उन्होंने आज मेरे आवास पर आकर राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से खुश होकर कांग्रेस ज्वाइन किया है हमारी तरफ से बहुत-बहुत बधाई हमें उम्मीद है नीतीश कुमार जी संगठन को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे अजीत कुमार सिंह कांग्रेस नेता शिवाजी नगर समस्तीपुर बिहार**





**जिन्हें चलना ही इंदिरा जी ने सिखाया हो,**

**उन्हें तुम खाक डराओगे...**

# निरंकुश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया



पटना।कांग्रेस दर्पण

बेगूसराय जिले के प्रमुख कांग्रेस जनों के द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी को झूठा मुकदमा में फसाने एवं संसद में कांग्रेसी नेताओं को विपक्षी नेताओं को बोलने पर पाबंदी लगाने के विरोध में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जनों ने देश के निरंकुश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट के पास किया।

इस पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस के सम्मानित नेताओं के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# दरभंगा: नरेंद्र मोदी एवं गौतम अडानी का पुतला दहन



पटना । कांग्रेस दर्पण

दरभंगाः23, मार्च। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अहवाह्न पर ज़िला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को लहेरियासराय बलभद्रपुर अवस्थित ज़िला कांग्रेस मुख्यालय के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उद्योगपति गौतम अडानी का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे ज़िलाध्यक्ष सीताराम चौधरी, ज़िला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता मो. असलम, कमलाकांत चौधरी बाबा, प्रदेश प्रतिनिधि मनोज झा आदि ने कहा कि उद्योगपति गौतम अडानी पर हिंडनवर्ग द्वारा लगाए गए आरोप देश के लिए बहुत ही गंभीर मामला है। कहा कि आठ साल पहले अडानी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की सूची मे 609वें स्थान पर थे, सिर्फ़ आठ साल मे अडानी विश्व का दूसरा सबसे धनी व्यक्ति कैसे हो गया। नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे पर अडानी को एलआईसी एवं एसबीआई मे जनता की जमा पूजी मे से अरबों-खरबों रुपए का कर्ज़ दे दिया साथ ही देश की सबसे बड़ी-बड़ी सरकारी संस्थाओं को भी अडानी के हवाले कर दिया गया।

आज ज्यादातर बैंक दिवालिया होने के कगार पर खड़ा है, प्रधनमंत्री जी को संसद में इसका जवाब देना चाहिए। नेताओं ने अडानी पर लगे सभी आरोपों की जांच जे.पी.सी.से कराने की मांग की है।

कार्यक्रम में उदितनारायन चौधरी, मो. चांद, धनंजय सिंह, हसमत अंसारी, हेमचंद ठाकुर, प्रो मिथिलेश यादव, बसंत झा, तारिणी पासवान, युगेश्वर मंडल पंकज चौधरी, सुमन झा, मो.गुलाब, दिलीप पासवान आदि मौजूद थे।

भवदीय
मो.असलम, प्रवक्ता

# सिवान: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया गया



पटना । कांग्रेस दर्पण

सिवान जिला के कांग्रेस जनों ने लोकसभा में राहुल गांधी जी को नहीं बोलने देने और अदानी के ऊपर जे पी सी की जांच नहीं बैठाने को लेकर नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ विधु शेखर पांडे ने कहा कि भारत के संवैधानिक इतिहास मे दस से अधिक समय तक ऐसे मामलों में जेपीसी की जांच बैठाई गई है चाहे वह नरसिम्हा राव ,अटल बिहारी वाजपेई, इंदिरा जी की या मनमोहन सिंह की जी की सरकार हो, जे पी सी की जांच बैठा कर दूध का दूध और पानी का पानी हुआ था। जब से राहुल गांधी जी ने नरेंद्र मोदी और अडानी के बीच के रिश्ते की मांग लोकसभा में उठाई है तभी से भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र का गला घोट ते हुए तानाशाही रुख तैयार कर ली है ।

कांग्रेसी नेताओं ने मांग की कि जब अदानी ग्रुप ने कोई गड़बड़ी नहीं की है और नरेंद्र मोदी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए विभिन्न सरकारों से विदेशों में अडानी के लिए समझौते नहीं कराए हैं तो फिर वह जेपीसी की मांग से क्यों डर रहे हैं कांग्रेस पार्टी का यह आरोप है कि बांग्लादेश इजराइल अफ्रीका श्रीलंका जैसे देशों के साथ अदानी की व्यापारिक संधि नरेंद्र मोदी ने अपने मित्र को फायदा पहुंचाने के लिए दबाव डालकर किया है और वैसे ठेके भी दिलवाए हैं जिसका कोई अनुभव अदानी ग्रुप को नहीं है इसलिए कांग्रेस पार्टी पूरे देश में पूरे देश के सामने यह मांग करती है कि जल्द से जल्द जेपीसी की जांच कराई जाए इस अवसर पर श्री शिवधारी दुबे एसएम फजले हक लोकेशन सज्जन कुमार सुशील कुमार सुशील कुमार गुप्ता संदीप कुमार और और रहमत अली ईद मोहम्मद आदि ने भाग लिया ।

# कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से कांप रही है भाजपा: राजेश त्रिवेदी

पटना । कांग्रेस दर्पण

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश त्रिवेदी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचकर राहुल गांधी का किया स्वागत, मानहानि मामले में राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने जताया गहरा आक्रोश

राजेश त्रिवेदी महासचिव ( मानवाधिकार) बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नेतृत्व में पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पहुंचकर गुजरात से राहुल गांधी के लौटने पर उनका जोरदार स्वागत किया। सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की कुशलता की कामना करते हुए मानहानि मामले में उन्हें सजा सुनाए जाने पर गहरा आक्रोश जताया। राजेश त्रिवेदी ने इसे भाजपा की केंद्र सरकार की साजिश करार देते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और



कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की बौखलाहट बढ़ गई है। किसी न किसी तरह से विपक्ष के नेताओं को साजिश में फंसा कर भाजपा पुनः सत्ता में वापसी के लिए नंगा नाच कर रही है। लेकिन देश की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी।

## आवश्यक सूचना

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश के आलोक में पटना महानगर जिला काँग्रेस कमिटी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम को लेकर दिनांक- 25 मार्च 2023 को समय- अपराह्न 2:00 बजे दिन में श्री सुबोध कुमार जी, पुर्व प्रदेश काँग्रेस उपाध्यक्ष सह पटना जिला प्रभारी की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय नेशनल हॉल कदमकुंआ में आहूत की गयी है।

अतः पटना महानगर जिला के वरिष्ठ नेतागण, सभी प्रदेश प्रतिनिधिगण, सभी पदाधिकारीगण, सभी प्रखंड अध्यक्षगण, सभी वरिष्ठ कार्यकर्तागण, सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षगण से सादर अनुरोध है कि उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य भाग लेने का कष्ट करेंगे।

सभी सम्मानित प्रखण्ड अध्यक्षगण को इस अवसर पर नियुक्ति पत्र **(Appointment Letter)** दी जायेगी, इसलिए इस बैठक में आप की उपस्थिति अनिवार्य है।

शुभकामनाओं सहित।

**शशि रंजन**
**अध्यक्ष,**
**पटना महानगर जिला काँग्रेस कमिटी।**

# भारत में लोकतंत्र के नाम पर तानाशाही





पटना।कांग्रेस दर्पण

भारतीय राजनीति में माननीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी को जिस तरीके से उन पर कार्रवाई हो रही है यह साफ दर्शाता है कि भारत में लोकतंत्र के नाम पर तानाशाही सरकार काम कर रही है बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस ऐसी घटना पर रोष प्रकट करते हुए गांधी मूर्ति के सामने अपना मौन धारण कर यह संदेश दिया की गांधी के देश में तानाशाही रवैया रखने वाली सरकार के खिलाफ हम सब भारत की जनता एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगे आज पूरे देश में यह बात साबित हो गई थी वर्तमान सरकार अपने विपक्षी पार्टियों के नेताओं को जेल में डालने उन्हें प्रताड़ित करने और डराने का काम कर रही हैं बिहार युवा कांग्रेस के साथियों ने गांधी मूर्ति के पास बैठकर यह आशीर्वाद लिया गांधी जी से कि हम सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंक देंगे आज पूरे देश की जनता अफसोस कर रही होगी कि जिस उम्मीद से हमने केंद्र सरकार को ताकत दिया था कि




वह देश को एकजुट रखेंगे तथा विपक्षी दलों को भी साथ लेकर चलेंगे वह उम्मीद टूट चुकी है राहुल गांधी इस देश के विपक्षी पार्टी के मुख्य नेता हैं और उनकी आवाज जनता की आवाज है जिस प्रकार से राहुल गांधी की आवाज को दबाया जा रहा है ऐसे लगता है बिना विपक्ष का ही सरकार चलाने के आदि होती जा रही है भारतीय जनता पार्टी जिस देश में विपक्षी दलों को दुश्मनी के भाव से देखा जाता है उस देश में लोकतंत्र नहीं बच सकता केंद्र सरकार पूरे भारत में तानाशाही रवैया अख्तियार कर रही है बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने इनकम टैक्स चौराहे पटना में अपना जुलूस निकाला तथा नरेंद्र मोदी सरकार का पुतला दहन किया साथ ही गांधी जी के मूर्ति के सामने मौन धरना पर भी बैठे हैं इस धरना में मुख्य रूप से बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी राजेश कुमार सैनी जी प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास उपाध्यक्ष आशुतोष अमरदीप मीडिया सेल के चेयरमैन अमित कुमार पटना युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल पासवान मुकुल निशा यादव पूनम यादव और सिकंदरा के पूर्व विधायक बंटी चौधरी ने मुख्य रूप से भाग लिया

# सीतामढ़ी जिला कांग्रेस नेताओं ने गांधी चौक स्थित गांधी की प्रतिमा के समक्ष काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया

पटना।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के निर्देशानुसार केंद्र की जनविरोधी मोदी सरकार के खिलाफ, अडानी के महाघोटाले और जेपीसी की मांग को लेकर सीतामढ़ी जिला कांग्रेस नेताओं ने गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में सत्यमेव जयते का प्ले कार्ड लिए प्रदर्शनकारी सरकार के मित्रों द्वारा देश की संपत्ति लूटने का विरोध कर रहे थे।

कांग्रेसजनों ने कहा कि मोदी सरकार तानाशाह रवैया अपना रही है। सरकार के संरक्षण में अडानी समूह का महालूट जारी है। इसके खिलाफ आवाज उठाने वाले विपक्ष के नेताओं ईडी-सीबीआई की मदद से निशाना बनाया जा रहा है। संसद में जननायक राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जाता। लंदन में जब राहुल गांधी ने संविधान और संसदीय लोकतंत्र की




रक्षा को लेकर अपनी बात रखी तो आरएसएस भाजपा बौखला गई है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह कोई देश नहीं हैं। 140 करोड़ जनता के हित को लेकर सरकार के तुगलकी फरमान की आलोचन जारी रहेगी। राहुल गांधी की आवाज आम आवाम की आवाज है, जिसे कुचला नहीं जा सकता। संसदीय लोकतंत्र की रक्षा के खातिर कांग्रेस पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।

विरोध प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि रकटू प्रसाद, रितेश रमण सिंह, शम्स शाहनवाज, राम विनय सिंह, मनोज सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, नगर अध्यक्ष संजय शर्मा, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहन कुमार, रीगा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष चुन्नु सिंह, राहुल रमेश, दिनेश प्रसाद, मो. मोख्तार, आकाश राठौर, संजय यादव, अख्तर रजा खान, रंजीत कुमार, अभय सिंह गुड्डू, राजीव कुमार कुशवाहा आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# कोंग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने किया ओलावृष्टि व बर्षा हुई नष्ट फ़सलों का निरीक्षण एक दर्जन से अधिक गांवों में किया दौरा

पटना।कांग्रेस दर्पण

मांट। बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से मांट क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किसानों की फसल खराब हो गई है जिसको लेकर कोंग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया और बारिश से खराब हुई फसलों को देखा। किसानों से वार्ता की। इसके अलावा सरकार से किसानों को 100प्रतिशत मुआवजे देने की मांग की।

कोंग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के निर्देशन पर प्रदेश स्तरीय कोंग्रेस पार्टी के नेता मांट क्षेत्र के गांव दरबै, चौकड़ा,दरबै, अस्तताल,जाबरा, आशा घड़ी देह भीम,नन्दनगरिया आदि गांवों में पहुंचे।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है,किसानों को खराब फ़सलों का मुआवजा नहीं दे रही है तथा जनपद मथुरा में एक समान माफ जा यूपी सरकार को देना चाहिए जो 100000 एकड़ तथा किसानों का ऋण व बिजली का बिल माफ करना चाहिए जिसको लेकर जल्द राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा

पूर्व विधायक प्रदीप माथुर ने कहा कि अभी तक प्रशासन ने खराब फसलों का सर्वे तक नहीं कराया है। योगी सरकार केवल खानापूर्ति कर रही है जिसे कायस पार्टी किसी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगी

जिलाध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि बारिश के बाद फसलों का जायजा लिया गया था जिसकी जानकारी हाईकमान को दी गई है उसके बाद प्रानिधि मंडल भेजा गया है जनपद मथुरा में क्षेत्रवाद के रूप में सरकारी अधिकारी व कर्मचारी मुआवजा निर्यात कर रहे हैं जबकि जनपद के किसानों के साथ किसी भी रुप का भेदभाव नहीं करना चाहिए जिस क्षेत्र में 100% फसल नष्ट हो गई है क्षेत्र को मना करने के लिए आज तक कोई भी सरकारी कर्मचारी अधिकारी नहीं गए हैं अधिकारी केवल अपने बंगलों में बैठकर झूठी रिपोर्ट सत्ता के दबाव में बनाकर योगी सरकार को भेज रहे हैं जो मथुरा की जनता के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं जनपद मथुरा की किसानों की फसल की हुई हानि की सही रिपोर्ट बनाने के लिए किसी उच्च अधिकारी की देखरेख में मुआवजा निर्धारित करना चाहिए यदि जल्द ही किसानों को मुआवजा नहीं मिलता हैं तो विशाल आंदोलन किया जाएगा।

पूर्व विधायक अनिल चौधरी ने कहा योगी मोदी सरकार की फसल का तुरंत मुआवजा देना चाहिए प्रदेश के किसान भुखमरी के कगार पर हैं अन्यथा कांग्रेस पार्टी व्यापक रूप से आंदोलन करेगी

, युवा कांग्रेसी के प्रदेश अध्यक्ष ओमबीर सिंह यादव किसानों के लिए हर संभव मदद व सहयोग का आश्वासन देते हुए कहां के माननीय राहुल गांधी माननीय प्रियंका गांधी हमेशा किसानों के साथ हैं उनके दुख सुख में साथ हैं भाजपा ने भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों का खून चूसने का काम किया है

प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष,ममता राजपूत, ने कहा जब से भाजपा सरकार आई है किसानों को देश और प्रदेश में लाखों की संख्या में आत्महत्या कर चुके हैं आज भी फसल का नुकसान की भरपाई के लिए कोई भी ठोस कार्य योगी सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है ऐसी सरकार को राज्यपाल महोदय को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए

प्रदेश सचिव योगेश तालान ने कहा आगामी चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने के लिए देश और प्रदेश के किसान तैयार बैठे हैं और तथा आगामी चुनाव में भाजपा सरकार को शिकस्त देंगे प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सचिव विनेश सनवाल,मुकेश धनगर, महानगर अध्यक्ष मदन मोहन, ठाकुर नरेशपाल सिंह जसावत,डां देवकुमार सिंह, डॉक्टर यशवीर सिंह, जाट महासभा संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष चौधरी महताब सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सतीश शर्मा हरीश पचौरी प्रवीण ठाकुर हरविंदर सिंह तथा सैकड़ों की संख्या में स्थानीय किसान मौजूद थ

चौधरी भगवान सिंह वर्मा
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा

# हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन




पटना।कांग्रेस दर्पण

बेगूसराय जिला के चेरिया बरियारपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदय प्रसाद सिंह जी के अध्यक्षता में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन विक्रमपुर एवं अन्य पंचायतों में किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह,चेरियाबरियारपुर प्रखंड प्रभारी कुमार रत्नेश टुल्लू, कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश गुप्ता, जिला अध्यक्ष आनंद प्रेम, जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव श्री साबर कुमार जी थे।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक विशाल भारत जोड़ो यात्रा का सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी के संदेशों को घर घर पहुंचा गया। पंचायत स्तर पर पर स्थानीय कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों से मिलें और वर्तमान केंद्र सरकार की नाकामी और देश को जोड़ने के लिए राहुल गांधी जी द्वारा किए जा रहे हर प्रयास और संदेश पत्र के माध्यम से लोगों तक पहुंचा। इस दौरान कहा कि आज देश में नफरत का माहौल बना कर सामाजिक लोगों का ध्यान आर्थिक लूट बेरोजगारी महंगाई आदि से भटकाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।जो व्यक्ति केंद्र सरकार की अन्याय पूर्ण नीतियों के खिलाफ आवाज उठाता है उसे सरकारी एजेंसियों की प्रताड़ना का शिकार बनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजय चौधरी, राधेश्याम सिंह,श्याम चौधरी, परशुराम सिंह, पंकज कुमार शिशु, स्रू सदस्य सतीश कुमार वीरू, मदन मोहन सिंह, शंभू सिंह, जगदीश पाठक,अरूण रावत, सुधीर बबली,बीपीन सिंह, गोविंद महतो, जयप्रकाश मेहता, रमेश कुमार सिंह,भोला सिंह,धनश्याम राय, मुकेश कुमार,दिलीप कुमार,सचिन शर्मा,मंटुन कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद रहे।

# सभी मुस्लिम (इस्लाम) को रमजान की हार्दिक शुभकामनाएं !

पटना।कांग्रेस दर्पण



रमजान का चांद दिखने के बाद सीतामढ़ी जिला महासचिव यूथ कांग्रेस कमालुद्दीन रजा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अल्लाह ने हमें एक बार फिर शानदार, बरकत वाला, रहमत वाला और माफ करने वाला महीना बख्शा है.' इस बा बरकत वाले पाक महीना में अल्लाह हम सभी को उपवास करने के साथ-साथ दिन, रात, दिन और रात के दौरान तरावीह की नमाज़ और पवित्र क़ुरआन की तिलावत करने की हिदायत दे। मुस्लिम उम्मत मुल्क के हालात, कुछ राजनेता जिन्होंने सिर्फ सत्ता के लिए देश में नफरत का माहौल पैदा किया है, आइए हम सब इस मुबारक महीने में अल्लाह से दुआ करें। इस बरकत और रहमत के महीने के सदके नफरत के माहौल को मुहब्बत में तब्दील कर दे। और वैसे तमाम लोगों को ज़मीन में डुबो दे, जिनके दिलों में वतन को बर्बाद करने की नापाक मंशा है! वहीं, कांग्रेस के महासचिव कमालुद्दीन रजा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए, ताकि इफ्तार और सेहरी खाकर हर घर खुशहाली से भर सके. यह हम सबका सौभाग्य होगा ! उनकी मदद करें जिन्हें इसकी आवश्यकता है , मदद ऐसे करे के उनको समझ ही न आए , और हम भी ऐसे स्वाब के दौलत से मालामाल हो, आज कल यह बहुत दुख की बात है कि कुछ लोग किसी जरूरतमंद को कुछ देते हैं तो ऐसा लगता है कि वे गरीब जरूरतमंद पर एहसान कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर तस्वीरें पोस्ट कर गरीबों का मजाक उड़ाते हैं, मैं ऐसे लोगों से अपील करता हूं कि आप किसी जरूरतमंद को कुछ देकर मजाक न बनाएं, नहीं तो अल्लाह आपको इसका कोई फायदा नहीं देगा, जैसा खुद खाएं वैसा ही जरूरत मंद को भी देकर अपने आपको खुशनसीब माने , इस लिए के अल्लाह उसी को जरिया बनाता जो इस लायक होता है।

**कमालुद्दीन रजा जिला महासचिव युवा कांग्रेस सीतामढ़ी ।**

# धामी सरकार का एक साल का कार्यकाल विफलताओं से भरा हुआ: राकेश राणा

पटना। कांग्रेस दर्पण

आज दिनांक 23 मार्च 2023 को भाजपा की राज्य सरकार का 1 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है।इस 1 वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश सरकार कि कोई ऐसी उपलब्ध नहीं है जिस पर राज्य वासियों को गर्भ हो भाजपा सरकार ने अपने इस 1 वर्ष के कार्यकाल में केवल जनता को गुमराह करने महंगाई, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी को बढ़ावा देने गरीब मजदूर किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों का उत्पीड़न करने के अतिरिक्त जन कल्याण के लिए कोई भी काम नहीं किया है।

भाजपा सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल में राज्य में हत्या ,चोरी, डकैती, मासूमों से बलात्कार जैसे जघन्य अपराध की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है अंकिता भंडारी हत्याकांड ,हेमा नेगी हत्याकांड, पिंकी हत्याकांड, जगदीश चंद्र हत्याकांड ,केदार भंडारी हत्याकांड, बिपिन रावत हत्याकांड ,जैसी घटनाओं से गिरती कानून व्यवस्था उजागर होने के साथ–साथ राज्य की अस्मिता पर भी चोट पहुंची है।

राज्य सरकार के कई विभागों में हुई भर्ती घोटाले से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार इस 1 वर्ष के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी रही।

जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल ने भाजपा सरकार की 1 साल की विफलताओं पर आज आप सब के माध्यम से राज्य सरकार की 1 वर्ष की विफलता पर काला चिट्ठा जारी करने का निर्णय लिया है।

1– अंकिता भंडारी हत्याकांड, हिमानी जी हत्याकांड ,पिंकी हत्याकांड, जगदीश चंद्र हत्या कांड, विजय वात्सल्य हत्याकांड ,केदार भंडारी हत्याकांड ,तथा बिपिन रावत हत्याकांड अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी कौन है ? सरकार द्वारा अपराधियों को संरक्षण।

2– अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती घोटाला, लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाला, पुलिस भर्ती घोटाला ,फॉरेस्ट गार्ड भर्ती घोटाला, सहकारिता भर्ती घोटाला, पटवारी भर्ती घोटाला ,एवं भ्रष्टाचारियों को संरक्षण सेवा चयन आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा अपने त्यागपत्र में आरोपी घोटाले में लिप्त सफेदपोश नेता कौन है।





3– भर्ती घोटाले में आरोपित हाकम सिंह किस पार्टी का जिला अध्यक्ष एवं हरिद्वार के संजय धारीवाल तथा नितिन चौहान किस पार्टी के मंडल अध्यक्ष व महामंत्री हैं ।

4 – देहरादून में बेरोजगारों पर लाठीचार्ज क्यों प्रदेश भर में निर्माण संबंधी कार्य में खुलेआम कमीशन खोरी निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी तथा छोटे ठेकेदारों का शोषण ।

6 – निर्मल आवास कॉलोनी एवं मलिन बस्तियों, के विनियमितीकरण की कोई नीति नहीं

7– पहाड़ी क्षेत्रों में नए उद्योगों की स्थापना प्रदेश में स्थापित लघु उद्योगों की बंदी एवं बड़े उद्योगों का पलायन रोकने में विफल।

8– स्वास्थ्य सेवा में लगातार गिरावट तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं चौपट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लमगांव, मदन नेगी ,चमियाला ,देवप्रयाग, थतयूड, थोलधार, चंबा, नैनबाग एवं जिला चिकित्सालय बोराड़ी, नरेंद्रनगर रेफर सेंटर घोषित।

9– कोविड–19 जांच एवं ह्लं–74 जैसे घोटालों में कार्यवाही करने में असफल

10– जोशीमठ त्रासदी में प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं ठोस निर्णय लेने में विफल ।

11– कांग्रेस सरकार द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य के नाम से प्रस्तावित जौली ग्रांट एयरपोर्ट का नाम बदलने का उस पार्टी ( भाजपा) द्वारा षड्यंत्र जो सनातन धर्म के नाम पर राजनीति करती है।

12– प्रदेश में खनन माफिया हावी खनन में हो रहे भ्रष्टाचार के कारण सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व की हानि।

13– गन्ना किसानों का पिछला बकाया भुगतान न करना तथा समर्थन मूल्य में कोई वृद्धि नहीं कर किसानों का शोषण।

14– विद्यार्थियों की पठन–पाठन सामग्री एवं बिजली , पानी के दामों में लगातार बढ़ोतरी कर आम आदमी पर महंगाई का बोझ डालना।

15 – टिहरी झील निर्माण के कारण जलस्तर के घटने बढ़ने से जिन आशिंक डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के मकानों में दरारे आई है, और वे कभी भी ढह सकते है, जिससे जान माल का नुकसान हो सकता है, सरकार इन्हे पूर्ण विस्थापित नही कर पाई , ये ग्राम है पिपोला खास, नारगढ आदि ।

16–टिहरी बांध के ऊपर से आवाजाही हेतु भाजपा के मंत्री और स्थानीय विधायक का झूठ सबको पता है, अभी तक बांध के ऊपर से आवाजाही चौबीसों घंटे के लिए नही खुली है।

17– टिहरी में मेडिकल कॉलेज का झूठ विगत 6सालो से बोला जा रहा है, और जोर जोर से बोला जा रहा सरकार श्वेत पत्र जारी कर स्थिति स्पष्ट करे, और झूठ बोलना बंद करे। अतः स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि ( धामी सरकार 2 ) का एक साल ओर केंद्र के नौ साल नाकाम रहे हैं। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री विजय गुनसोला प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट ,शहर कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र नौटियाल अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मुरारीलाल खंडवाल प्रदेश सचिव सैयद मुशरफ अली महिला कांग्रेस की अध्यक्ष दर्शनी रावत सेवा दल के अध्यक्ष आसी रावत जिला कांग्रेस की सचिव रोशन नौटियाल नफीस खान आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।



#हाथ––से –– हाथ–– जोड़ो– कार्यक्रम के तहत शहर फतेहपुर में वार्ड नंबर 29 पनी के लोगों को आदरणीय राहुल गांधी जी आदरणीय प्रियंका गांधी जी के संदेश पर्चे लोगों तक दिए गए

- मोहसिन खान, अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी फतेहपुर





23 मार्च को भगत सिंह , राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी. इसलिए 23 मार्च को इन अमर शहीदों के बलिदान पर 9ढरऊग्राम पंचायत में शहीद दिवस मनाया गया , सरपंच रामकृष्ण जी, कृष्ण जी छऊ बच्चू सिंह मीणा गणेशा राम, नेहरूयुवा केंद्र से प्रभु लोथिया, बजरंग , राष्ट्रीय युवा सव्यसेवक कन्हैया लाल, विष्णु, मेजर सिंह , कृष्णा आदि लोग ने पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी, ओर 2 मिनट का मोन रखा